POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 07.04.2024

1.थाना ईकोटेक- तृतीय पुलिस व क्राइम डिटेक्शन टीम सेन्ट्रल नोएडा जोन के संयुक्त प्रयास से अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुये 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध शस्त्र तथा अवैध शस्त्रों के अर्ध निर्मित कलपुर्जे एवं कल पुर्जे तैयार करने का रॉ मटेरियल और यन्त्र आदि बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- थाना ईकोटेक 3 पुलिस व क्राइम डिटेक्शन टीम सेन्ट्रल नोएडा जोन के संयुक्त प्रयास से दिनांक **07.04.2024** को आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत उच्च अधिकारियों द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो के क्रम में खेडा चौगानपुर गोल चक्कर पर बैरियर लगाकर संघन चैकिंग अवैध शराब, मादक पदार्थ,अवैध शस्त्र एवं अवैध नारकोटिक्स की बरामदगी के क्रम में चैकिंग के दौरान चौगानपुर गोलचक्कर के पास से बिना नम्बर प्लेट की ब्रेजा कार से 04 अभियुक्त 1. शाहफहद पुत्र नसीम अहमद 2. बादल पुत्र रवि 3. शिवमपाल पुत्र नेपाल सिंह 4. सादिक पुत्र नासिर को **गिरफ्तार** किया गया है। **गिरफ्तार** अभियुक्तों के कब्जे से अभियुक्त शाहफहद से 01 पिस्टल 30 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस व अन्य तीन अभियुक्तों से अलग अलग 03 तमंचे 315 बोर मय 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये है तथा बरामद ब्रेजा कार की डिग्गी से 05 देसी तमंचे 315 एवं देशी तमंचे/पिस्टल निर्माण के पुर्जे एवं औजार रखे हुए बरामद हुए।

अपराध करने का तरीका-- अभियुक्त शाहफहद उर्फ शानु उपरोक्त ने मकैनिक इन्जीनियरिंग में ए0के0जी0 कॉलिज गाजियाबाद से 2011 में डिप्लोमा किया है। अभियुक्त ने अपनी पत्नी के नाम पर LEO PARD INDIA INDUSTRIES (P) LTD के नाम से पार्ट बनाने की एक कम्पनी खोल रखी है। दिखाने के नाम पर अभियुक्तगण खराद का काम करते हैं, ये कम्पनी जिला गाजियाबाद में मोर्टा इण्डस्ट्रियल एरिया में अपना एक प्लॉट लेकर खोल रखी है। किन्तु मुख्य काम अवैध शस्त्र निर्माण के कल पुर्जे तैयार करना हैं। जब कोई ग्राहक अभियुक्तों से संपर्क करता है, तो अभियुक्त एक या दो दिन का समय लेकर उसको तमंचा एवं पिस्टल उसकी मांग के अनुसार उपलब्ध करा देते हैं। एक तमंचा लगभग 10 हजार रुपये का बेचते हैं, तथा एक पिस्टल लगभग 80 हजार रुपये की कीमत का बेचते हैं,अभियुक्त व उसके साथियों से जो अवैध शस्त्र बरामद हुये है वह उनकी कम्पनी के बने हैं। अभियुक्तों ने कलपुर्जो को तैयार करने के लिए लाखों रुपये की बड़ी-बड़ी मशीनें अपनी कम्पनी मोरटा गाज़ियाबाद में लगा रखी है। पहले यह कम्पनी एसएचआर इण्डिया इण्डस्ट्रीज के नाम से थी,जिसका स्वामी शाहफहद उर्फ शानु उपरोक्त था। किन्तु माह

जुलाई वर्ष 2023 में उ0प्र0 पुलिस की एसटीएफ टीम द्वारा मौके से अवैध शस्त्रों एवं कलपुर्जों के साथ गिरफ्तार किया गया था,तब से अभियुक्त ने इस फैक्ट्री का नाम बदल दिया था और अपनी पत्नी के नाम से रजिस्टर्ड करा दी थी।आगामी लोकसभा के चुनाव के कारण पुलिस के डर वश अभियुक्तों ने इस फैक्ट्री के कलपुर्जों के निर्माण का काम अपने मूल निवास बुलन्दशहर स्थापित करने की योजना बना ली थी । इसलिए आज कुछ महत्वपूर्ण कलपुर्जों यन्त्रों एवं निर्मित व अर्धनिर्मित शस्त्रों को लेकर अपनी ब्रेजा कार जिसका नं0 यूपी 14 डीपी 5688 के साथ अपने कम्पनी के कर्मचारियों के साथ बुलन्दशहर जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. शाहफहद पुत्र नसीम अहमद नि0 रफीकाबाद कालोनी ,डासना ,थाना मसुरी ,जिला गाजियाबाद ,उम्र 34 वर्ष
2. बादल पुत्र रवि निवासी आउटर कालोनी कच्ची रेल की पटरी के पास शाहदरा लोनी बोर्डर, दिल्ली उम्र-24 वर्ष
3. शिवमपाल पुत्र नेपाल सिंह नि0 गांव शरापी आलमपुर बुजुर्ग , गढ रोड थाना मुडाकी जिला मेरठ बताया, हाल पता संजय नगर सै0 23 हनुमान मन्दिर के पास नोएडा, गौतमबुद्धनगर उम्र 27 वर्ष
4. सादिक पुत्र नासिर नि0 हरदिया थाना बेगुसराय जिला बेगुसराय ,हाल बस अड्डा आश्रम रोड ,थाना नन्दग्राम गाजियाबाद ,उम्र 32 वर्ष

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0स0 130/2024 धारा 3/5/25(1)A आर्म्स एक्ट थाना इकोटेक-3 जनपद गौतमबुद्धनगर
2. मु0अ0स0 268/2023 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना मधुबन बापूधाम जनपद गाजियाबाद

बरामदगी का विवरण-- अभियुक्त शाहफहद से 01 पिस्टल 30 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस व अन्य तीन अभियुक्तों से अलग अलग 03 तमंचे 315 बोर मय 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये है तथा गाडी की डिग्गी से 05 तमंचे 315 एवं देशी तमंचे/पिस्टल निर्माण के पुर्जे एवं औजार रखे हुए जिनमें

(1) स्लाईड लॉक 111
(2) सेफ्टी लॉक 165
(3) साईड 114
(4) स्लाईड लॉक रिटेनर 100
(5) टीलीवर (ट्रैगर) - 30
(6) हाउसिंग - 51
(7) बाईस -5
(8) बर्नियर कैलिबर -4
(9) सीक लैम्प -4

(10) माईक्रोमीटर -1

(11) रोड बैरर -05

(12) डिग्री स्केल - 1

(13) प्लास -1

(14) छोटी हथौडी - 01

(15) पेचकस -02

(16) एलकी -08

(17) छोटी रिंच - 04

(18) पाना - 01

(19) लेन्स - 01

(20) टूलबाक्स जिसमें छोटी बडी -15 ड्रील

(21) बैरलडाई - 03 बरामद हुए।